# नईम और शकील ने भी की दावेदारी, इरशाद का अध्यक्ष बनना तय

## शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए पर्यवेक्षक अशोक परमार ने की रायशुमारी

**शाजापुर,18 अक्टूबर. जिला कांग्रेस अध्यक्ष के बाद अब जिले में ब्लॉक अध्यक्ष की औपचारिक गतिविधि शुरू हो चुकी है. शाजापुर ब्लॉक की बात करें तो इस बार ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए नईम कुरैशी, शकील वारसी ने भी दावेदारी जताई है, लेकिन शुजालपुर के अशोक परमार को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया है तो ये लगभग तय है कि इरशाद खान ही ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे.**

गौरतलब है कि शाजापुर जिले में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर रायशुमारी की है, हालांकि यह रायशुमारी केवल औपचारिकता थी. लंबे समय से शाजापुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर इरशाद खान काबिज हैं और उनके पद का रिन्यूअल तय माना जा रहा है. शहर के पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष और वरिष्ठ पत्रकार नईम कुरैशी भी इस बार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद के दावेदार हैं. उनके समर्थकों ने भी पर्यवेक्षकों के समक्ष उनकी दावेदारी पेश की वहीं शकील वारसी के समर्थकों ने भी दावेदारी पेश की. अब इसे औपचारिकता कहे या राजनीतिक नूरा कुश्ती क्योंकि जो पर्यवेक्षक शुजालपुर से आए अशोक परमार इरशाद खान के नजदीक हैं इसलिए संभवत: आने वाले समय में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में इरशाद खान का नाम ही तय माना जा रहा है.

### इरशाद की ताजपोशी तय, औपचारिकता शेष

वर्तमान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इरशाद खान का एक बार फिर अध्यक्ष बनना तय है, केवल औपचारिकता के लिए घोषणा होना बाकी है, दिवाली के बाद जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा हो जाएगी, शुजालपुर में ब्लॉक अध्यक्ष को लेकर थोडी रस्सा कस्सी है, लेकिन वहां भी वर्तमान ब्लॉक अध्यक्ष ही बनेंगे, इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है .

**अल्पसंख्यकों के लिए शहर, ब्लॉक और उपाध्यक्ष पद आरक्षित है**

कांग्रेस का सबसे मजबूत वोट बैंक कहे जाने वाला अल्पसंख्यक समाज को ना कभी जिलाध्यक्ष बनाया गया, ना कभी विधानसभा में टिकट दिया गया और ना किसी बड़े पद से नवाजा गया. अल्पसंख्यक नेताओं के संगठन में शहर अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष और यदि नगर पालिका में कांग्रेस का वर्चस्व रहा तो उपाध्यक्ष पद आरक्षित है. इन तीनों पद के ईद गिर्द ही अल्पसंख्यक नेता नजर आते हैं. हालांकि एक बार नगर पालिका चुनाव में अल्पसंख्यक को टिकट दिया था जिसमें कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था, इसी प्रकार जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में भी कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था.

### अल्पसंख्यक ही रहेगा ब्लॉक अध्यक्ष...

लगभग एक दशक से अधिक समय से शाजापुर ब्लॉक अध्यक्ष पर इरशाद खान काबिज हैं. आने वाले समय में उन्हें यथावथ रखा जाएगा इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है. राजनीतिक उठापटक के लिए नूरा कुश्ती भी जरूरी है. जिलाध्यक्ष के समय संगठन सृजन की बात चली थी लेकिन ब्लॉक अध्यक्ष के मामले में न संगठन है और ना सृजन है यहां राजनीतिक आकाओं के इशारे पर नियुक्ति होगी. हालांकि अन्य दावेदार नहीं आए, केवल तीन ही आवेदन दावेदारी के रूप में आए हैं.

# तेरस पर बाजार में हुई धन की बरसात, हुआ करोड़ों का व्यापार

## बाजारों में उमड़ी भीड़, दिन भर खरीदारी में व्यस्त रहे नगरवासी







**शाजापुर,18 अक्टूबर. लंबे समय से जिस दिन का व्यापारी इंतजार कर रहे थे वह दिन आ ही गया और इस दिन व्यापारियों के मनमाफिक व्यापार भी हुआ, यह तो पहला दिन था और पहला ही दिन व्यापारियों के मनमाफिक रहा. जिसके चलते आने वाले दिनों में भी ऐसे ही व्यापार की उम्मीद है.**

शनिवार को बारस व तेरस एक दिन रही. जिसके चलते लोगों ने बाजार में निकलकर अपनी जरूरत की चीजों को मुहूर्त के हिसाब से खरीदा. यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा. व्यापारियों की माने तो पुष्य नक्षत्र पर जो उन्होंने उम्मीद जताई थी वह फीकी रही थी, जिसकी कमी धनतेरस पर पूर्ण हो गई. इस दिन रियल स्टेट सहित दो पहिया, चार पहिया वाहनों के अलावा लोगों ने प्रॉपर्टी में भी रुचि दिखाई. पूरे जिले में देर रात तक बाजार रौनक रही रहे और करीब 15 करोड़ का कारोबार हुआ. वहीं यातायात को सूचारू बनाए रखने के लिए सुबह से लेकर रात यातायात पुलिस शहर के मुख्य चौराहों पर तैनात रही और शहर की यातायात व्यवस्था को बनाए रखा.

### दो दिन और होगी बंपर ग्राहकी...

इस बार शनिवार को आई धनतेरस ने व्यापारियों की मौज कर दी. जिसके चलते अब दीपोत्सव पर्व तक व्यापारी अच्छे व्यापार की उम्मीद लगाए बैठे हैं. क्योंकि शनिवार को नगरवासियों ने जमकर खरीदारी की और बाजार में जमकर धनवर्षा हुई. एक अनुमान के मुताबिक शहर में मंगलवार को धनतेरस पर करीब 10 करोड़ से अधिक का व्यापार का अनुमान है.

### ई-बाइक में दिखाई रुचि, पूरे दिन व्यस्त रहे संचालक

धनतेरस पर बाजार में खूब धन बरसा, खासकर लोगों ने दो पहिया और चार पहिया वाहनों को लेकर ज्यादा रूचि दिखाई. जिसमें सबसे ज्यादा लोग ई बाइक के शोरूम पर पहुंचे और ई बाइक खरीदी. शोरूम संचालक ने बताया कि जैसी उम्मीद थी हमने ई बाइक का स्टॉक कर रखा था और लोगों ने उसी को लेकर रूचि दिखाई जिनकी बिक्री भी हुई. बाइक खरीदने के बाद लोग सीधे मंदिर पहुंचे और वहां पूजन कराया.

# धनतेरस से हुआ पांच दिवसीय दीपोत्सव का शुभारंभ

## दो दिवसीय दिवाली सेलिब्रेशन कार्यक्रम हुआ



**शुजालपुर, 18 अक्टूबर. दीपोत्सव का शुभारंभ शनिवार को हुआ. पांच दिनी पर्व के चलते नगर के प्रमुख बाजारों सहित घरों को आकर्षक विद्युत सज्जा सहित अन्य सज्जा की गई. साथ ही आतिशबाजी का दौर भी शुरू हो गया. परंपरानुसार पहले दिन धरतेरस पर लोगों ने शुभ मुहूर्त में खरीद की गई.**

शहर के सराफा, बर्तन व इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानों सहित अन्य दुकानों पर भीड़ रही. लोगों ने अपनी स्थिति अनुसार खरीदारी की. मंडी व सिटी क्षेत्र में लगे बाजार में पशु श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों सहित घरों के साज-सज्जा व रंगरोगन की बिक्री भी हुई. पर्व के चलते नगर में मिठाइयों की दुकानों को भी आकर्षक रूप से सजाया गया. दीपावली पर्व के चलते नगर में घरों व दुकानों पर आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई. साथ ही नगर के घरों के बाहर दीप जलाकर उत्सव की शुरुआत की.

**बाजारों में रही भीड़**

नगर के प्रमुख बाजारों में शनिवार को जहां ग्राहकों की भीड़ रही वहीं बाजारों में खेरची सामग्री विक्रेताओं की संख्या भी ज्यादा रही. प्रमुख मार्गों पर पहले से ही दुकानों के सामने सामग्री जमी हुई थी और उस पर सड़क पर ही लगी दुकानों के कारण आवागमन प्रभावित हुआ.

**भगवान धन्वन्तरि की हुई पूजा**

पांच दिनी पूजा पर्व का शुभारंभ धनतेरस से हुआ. लोगों ने भगवान धंवन्तरि की पूजा-अर्चना करते हुए सुख-समृद्धि की कामना की. साथ ही लोक मान्यता के अनुसार पर्व को समाग्री क्रय करने की परंपरा का निर्वाहन किया जिसे शुभ माना जाता है. इसी के चलते धनतेरस पर बाजारों में जमकर ग्राहकी होती है और बाजार गुलजार रहते है. दुकानदारों ने इस पर्व को देखते हुए पूर्व से ही तैयारी की थी.

**आबादी क्षेत्र में बिक रहे पटाखे**

प्रशासन ने नगर में फटाकों व आतिशबाजी की सामग्री बेचने के लिए अकोदिया रोड स्थित स्टेडियम परिसर तथा मंडी क्षेत्र में मंडी प्रांगण क्रमांक 3 स्थल नियत किया है, लेकिन इसके बाद भी आबादी क्षेत्र में दुकानों से आतिशबाजी बेची जा रही है. इसके बाद भी अपने मुनाफे के लिए दुकानदार जोखिम उठाने से बाज नहीं आ रहे हैं.




# पुलिस ने 24 घंटे में किया चोरी का पर्दाफाश

## सुनेरा पुलिस ने आरोपी को पकड़कर माल बरामद किया




**शाजापुर, 18 अक्टूबर. जिले की सुनेरा पुलिस ने एक दिन पहले हुई कृषि यंत्रो की चोरी के मामले का पर्दाफाश करते हुए आरोपी को माल सहित गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी से पांच हजार का माल भी जब्त किया है, शेष के लिए पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है.**

जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को फरियादी जितेन्द्र पिता किशोरसिंह पाटीदारए निवासी ग्राम अभयपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी ग्राम तुहेडिया स्थित जमीन पर बने कमरे में एक पेट्रोल का पंप, पुराना स्टार्टर, डिवाइन कम्पनी की झटका मशीन, एक्साइड कम्पनी की बैटरी एवं चार्जर सहित करीब 17 हजार का माल रखा हुआ था. जिसे अज्ञात चोर द्वारा कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर लिया है. पुलिस ने मामला दर्ज किया और कार्रवाई शुरू कर दी. पुलिस ने कप्तान यशपालसिंह राजपूत के निर्देशानुसार चोरी के प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गोपालसिंह चौहान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक भीमसिंह पटेल के नेतृत्व में टीम गठित की गई. टीम द्वारा सक्रियता से पतारसी कर ग्राम पीरखेडी निवासी अर्जुन पिता नाथूसिंह को संदेह के आधार पर पकड़ा गया. पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे से चोरी गया झटका मशीन, बैटरी, चार्जर बरामद कर लिया. आरोपी से अन्य चोरी गए मशरूका एवं अन्य आपराधिक मामलों के संबंध में पूछताछ जारी है. आरोपी पूर्व में भी चोरी के अपराधों में लिप्त रह चुका है, जिसका आपराधिक रिकार्ड थाना सुनेरा में दर्ज है. आरोपी की गिरफ्तारी की सूचना अन्य थानों को भी दी गई है. इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भीमसिंह पटेल, उनि रतनलाल चौहान, अखिलेशसिंह चौहान, सउनि रोशनसिंह तोमर, प्रधान आरक्षक विष्णु चौहान, मोहन पटेल, हेमेंद्रसिंह जादौन, आरक्षक अखिलेश भण्डारी की सराहनीय भूमिका रही.

# आरोग्य भारती ने मनाई भगवान धन्वंतरि जयंती

**शाजापुर, 18 अक्टूबर. आरोग्य भारती मालवा प्रांत जिला शाजापुर के तत्वावधान में धन्वंतरि जयंती समारोह का आयोजन स्थानीय समर्पण अस्पताल, गिरवर रोड के पास डॉ. आरबी सिंह बिसेन के निवास स्थान पर हर्षोल्लासपूर्वक किया गया.**




कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के पूजन से हुआ, इसके पश्चात अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांत के उपाध्यक्ष मनोहरलाल सोनी ने की.इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में डॉ. राजकुमार पाटीदार, शैलेन्द्र सोनी, डॉ. एआरहावडिया एवं डॉ. जगदीश भावसार उपस्थित रहे.अतिथियों के उद्बोधन के बाद डॉ. केपी सिंह द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए. कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी मनोहरलाल राय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. आरबी सिंह बिसेन ने व्यक्त किया. अंत में भगवान धन्वंतरि की आरती के साथ समारोह का विधिवत समापन किया गया. कार्यक्रम में आरोग्य भारती के पदाधिकारी, चिकित्सक, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे.

# फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**आठ माह पहले धूमधाम से हुई थी शादी**

**पुलिस गंभीरता से कर रही मामले की जांच**

**शाजापुर, 18 अक्टूबर. कोतवाली थाना क्षेत्र की नूर मंडी में शनिवार दोपहर एक नवविवाहिता का शव उसके घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला. परिजनों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.**

जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान ओजेमा पति तौफीक के रूप में हुई है. तौफीक बैटरी सुधारने का काम करता है, घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की.

कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला ने बताया कि मृतका की शादी को अभी केवल 8 महीने ही हुए थे. पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सभी पहलुओं पर जांच कर रही है. परिजनों और ससुराल पक्ष से पूछताछ की जा रही है. शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल के शवगृह में रखा गया है. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा.

# जिज्ञासु कीट विज्ञान और गणित विषय की कार्यशाला

**शाजापुर,17 अक्टूबर. राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट शाजापुर में जिले के नामांकन के अनुसार 66 चयनित स्कूलों के विज्ञान एवं गणित के शिक्षकों का आईआईटी गांधी नगर अहमदाबाद के द्वारा निर्मित जिज्ञासु किट की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई.**

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.विवेक दुबे ने बताया कि आईआईटी गांधीनगर अहमदाबाद से 6 किट रिसोर्स पर्सन द्वारा विज्ञान व गणित विषय के किट के माध्यम से 59 प्रकार की गतिविधियों को प्रायोगिक रूप से कार्यशाला में शिक्षकों को अभ्यास करवाया गया. कार्यशाला के समापन सत्र पर सेवानिवृत्ति प्राचार्य डॉ.बालेंद्र श्रीवास्तव ने भी उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि जिज्ञासु किट के माध्यम से बच्चों को अधिक से अधिक सीखने को मिले शिक्षक यह प्रयास करें.

इस अवसर पर डाइट प्राचार्य डॉ. विवेक दुबे ने कहा कि कार्यशाला में सीखे गए कार्य को अपनी अपनी शालाओं के बच्चों के साथ कार्य कर उनको सिखाएं. वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यशाला में जो मॉडल आदि हैं इस प्रकार के नवाचार अपने विद्यालय में भी करते हुए इन माडल के द्वारा बच्चों को सीखने में उपयोग अवश्य करें.

इस अवसर पर डाइट वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, व्याख्याता एमडी शर्मा,अशोक कारपेंटर,महेश भेसानिया, दीपक शर्मा, बनवारी लाल बैरागी तथा एपीसी मेहरबान गुर्जर के द्वारा कार्यशाला संपन्न करवाई गई. उक्त जानकारी बीएसी प्रमोद गुप्ता द्वारा दी गई.

# सविमं में दीपसज्जा कार्यक्रम हुआ




**बड़ौद, 18 अक्टूबर. स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उमावि बड़ौद मे बहिनों में हस्तकला को दृष्टिगत रखते हुए दीपावली उत्सव के पूर्व दीपसज्जा का आयोजन किया.**

कार्यशाला का शुभारंम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यशाला में विद्यालय की कक्षा प्रथमा से द्वादश तक की बहिनों ने उत्साह से साथ भाग लिया एवं सुंदर सुंदर दीपको का निर्माण किया गया. इसके पश्चात् विद्यालय बहिनों द्वारा निर्मित दीपकों की प्रदर्शनी लगाई. जिसे विद्यालय के समस्त भैंया बहिन व अभिभावक, आचार्य, दीदी ने देखा. कार्यशाला को सम्पन्न कराने में वरिष्ठ आचार्य मुकेशराव धुले, ईश्वर शर्मा, रचना शर्मा, सपना तंवर दीदी ने सहयोग प्रदान किया.

**एक नजर** — दीपावली पर जमकर होगी आतिशबाजी, लोग कर रहे पटाखों की खरीदी

# धूमधाम से मनाया जाएगा रोशनी का पर्व, सज गया पटाखा बाजार

**शाजापुर, 18 अक्टूबर. धनतेरस के साथ पांच दिवसीय से दीपोत्सव का रोशनी भरा शुभारंभ हो चुका है, दीपावली को लेकर जहां बाजारों में रंगों, झालरों आदि की जमकर खरीदी जारी है. वहीं पटाखा बाजार भी रंग बिरंगी आतिशबाजियों के साथ ग्राहकी के लिए सजकर तैयार हो चुका है.**



उल्लेखनीय है कि वर्ष में एक बार आने वाले दीपावली त्यौहार की मस्ती को दोगुना करने तथा पर्व की महत्वता को बच्चों से लेकर बड़ों तक बनाए रखने के लिए आतिशबाजी आयटमों का खासा चलन रहता है. इसी चलन को लेकर स्थानीय लालघाटी स्थित बापू की कुटिया के समीप अस्थाई पटाखा बाजार भी लगाया जा चुका है जो ग्राहकी के इंतजार में कई तरह की पटाखा वैरायटियों को लेकर तैयार है. इस वर्ष पटाखा बाजार में भी महंगाई का असर नजर आ रहा है. बावजूद इसके त्यौहारी परम्परा को आम लोगों द्वारा निभाने की उम्मीद से 100 से अधिक दुकानें पटाखा बाजार में सज चुकी है. पटाखा व्यवसायियों की माने तो पटाखों में महंगाई बढ़ी है लेकिन वर्षभर में एक बार मनाए जाने वाले दीपावली के त्यौंहार का उत्साह मंहगाई से प्रभावित नहीं होता है, इसी को देखते हुए व्यापारी बड़ी मात्रा में सभी तरह के पटाखे लाए हैं.

### बच्चों को भा रहे फुलझड़ी, चकरी और अनार

दीपावली पर्व पर आतिशबाजी करने के लिए जहां युवा सुतली बम, बाबा बम, बुलेट बम, अनार बम आदि की खरीदी कर रहे हैं. वहीं बच्चे अपनी पसंदीदा फुलझड़ी, चकरी, अनार और माचिस बम की मांग कर रहे हैं. पटाखा व्यापारी सुनील वर्मा के अनुसार आतिशबाजी के लिए उनके पास 10 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक का आतिशबाजी आयटम मौजूद है.

# आयशर की टक्कर से दो साल के बच्चे की मौत

**शाजापुर, 18 अक्टूबर.** जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर उज्जैन के करेड़ी गांव में मुख्य सड़क पर 2 साल के बच्चे अंगद की आइशर वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई. बच्चा अपने पिता जितेंद्र नाथ की दुकान के पास खेल रहा था. जानकारी के अनुसार बालक अंगद अपने पिता जितेंद्र नाथ की मुख्य चौराहा स्थित नारियल व अगरबत्ती की दुकान पर खेल रहा था.

खेलते खेलते वह अचानक सड़क पर आ गया और सामने से आ रहे आइशर वाहन की चपेट में आ गया. गंभीर रूप से घायल होने पर परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद बालक के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंप दिया.